स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग पर एम्स में विशेषज्ञ का व्याख्यान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर एम्स ने योग, ध्यान और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी की। नेताजी सुभाष मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एनएसएमसीएच), पटना द्वारा आयोजित वेबिनार में एम्स भोपाल के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग के अतिरिक्त प्राध्यापक डॉ. वरुण मल्होत्रा ने 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' विषय पर मुख्य व्याख्यान दिया।

उन्होंने योग, प्राणायाम, तनाव प्रबंधन, हृदय स्वास्थ्य, टाइप-2 मधुमेह और निवारक चिकित्सा में योग की भूमिका पर शोध आधारित जानकारी साझा की।

डॉ. मल्होत्रा ने बताया कि अनुलोम-विलोम, शीतली, उज्जायी और भस्त्रिका जैसे प्राणायाम शरीर और मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने नियमित ध्यान, संतुलित आहार, पर्याप्त नींद, सामाजिक जुड़ाव और सकारात्मक सोच को स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए आवश्यक बताया। साथ ही नशे और अत्यधिक स्क्रीन टाइम से बचने की सलाह दी।

इसी अवसर पर भोपाल स्थित माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस प्रोसेसिंग एंड रिसर्च सेंटर में विशेष योग एवं ध्यान सत्र आयोजित किया गया। एम्स भोपाल की पीएचडी स्कॉलर सुश्री निधि शर्मा ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया।

इसके बाद आयोजित ध्यान सत्र में प्रतिभागियों को वैज्ञानिक तरीके से ध्यान, श्वास तकनीक, मानसिक दृश्यांकन और हीलिंग प्रेयर का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मानसिक शांति, आत्मसशक्तिकरण और समग्र स्वास्थ्य का संदेश दिया गया। एम्स भोपाल ने एक बार फिर यह रेखांकित किया कि योग, ध्यान और संतुलित जीवनशैली स्वस्थ वृद्धावस्था तथा बेहतर जीवन गुणवत्ता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

धनबाद-भोपाल एवं भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद मंडल में छिपोधर-बरवाडीह-मंगरा रेलखंड पर तृतीय अप लाइन के कमीशनिंग कार्य के लिए किए जा रहे नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के चलते कुछ ट्रेनों के मार्ग में अस्थायी परिवर्तन किया गया है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए इसकी जानकारी जारी की है। जारी सूचना के अनुसार, गाड़ी संख्या 11632 धनबाद-भोपाल एक्सप्रेस 24 एवं 27 जून 2026 को अपने प्रारंभिक स्टेशन धनबाद से निर्धारित मार्ग धनबाद-चंद्रपुरा-गोमिया-पतरातू-गढ़वा रोड-गढ़वा-सिंगरौली के स्थान पर धनबाद-गया-सोन नगर-सिंगरौली मार्ग से संचालित होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11631 भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस 22, 25 एवं 26 जून 2026 को भोपाल से प्रस्थान कर निर्धारित मार्ग सिंगरौली-गढ़वा-गढ़वा रोड-पतरातू-चंद्रपुरा-धनबाद के बजाय सिंगरौली-सोन नगर-गया-धनबाद मार्ग से चलेगी।

रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा शुरू करने से पहले ट्रेन की अद्यतन स्थिति की जानकारी रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट, रेल मदद अथवा एनटीईएस के माध्यम से अवश्य प्राप्त कर लें। अधिकारियों ने कहा है कि निर्माण एवं आधुनिकीकरण कार्यों के कारण यह अस्थायी परिवर्तन किया गया है। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए रेलवे ने खेद व्यक्त किया है।

रॉयल निमाड़ ईगल्स की शानदार जीत भोपाल लेपर्ड्स को 8 विकेट से हराया

नप्र, भोपाल: मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग (एमपीएल) 2026 में रॉयल निमाड़ ईगल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भोपाल लेपर्ड्स को 8 विकेट से हराकर लगातार एक और जीत दर्ज की।

होलकर स्टेडियम में सोमवार को बारिश के कारण मुकाबला 13-13 ओवर का खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल लेपर्ड्स ने 13 ओवर में 107 रन बनाए। टीम की ओर से राहुल चंद्रोल ने सर्वाधिक 41 रन बनाए, लेकिन अन्य बल्लेबाज बड़ी साझेदारी नहीं कर सके। रॉयल निमाड़ के गेंदबाजों ने लगातार दबाव बनाकर भोपाल को बड़े स्कोर तक पहुंचने नहीं दिया। रॉयल निमाड़ ईगल्स के लिए कुमार कार्तिकेय ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटके और मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। उन्होंने तनीष्क यादव, हिमांशु शिंदे, अंश बगाड़िया, पवन निरवानी, प्रांजुल पुरी और अनुराग मालवीय को आउट कर विपक्षी बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। उनके इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। 108 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रॉयल निमाड़ ईगल्स ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी की। हिमांशु मंत्री ने 17 गेंदों में 31 रन बनाए, जबकि कनिष्क दुबे ने मात्र 19 गेंदों पर नाबाद 51 रन की विस्फोटक पारी खेली। आनंद बैस 12 रन बनाकर नाबाद रहे। रॉयल निमाड़ ने 9.2 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

स्कोप यूनिवर्सिटी में उत्साह से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल: स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। स्कूल ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का विषय 'स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग' रहा। वनमाली ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, संकाय सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लेकर योग के महत्व को समझा। मुख्य वक्ता एवं योग विशेषज्ञ डॉ. रुचि शुक्ला ने योग को संपूर्ण जीवन पद्धति बताते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता है। उन्होंने विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों के लिए योग के लाभों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सामूहिक योगाभ्यास भी कराया गया, जिसमें स्ट्रेचिंग, योगासन, प्राणायाम और ध्यान शामिल रहे। कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि योग युवाओं को तनावमुक्त और संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देता है। कुलगुरु डॉ. विजय सिंह ने इसे स्वस्थ एवं जिम्मेदार नागरिक निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बताया।

कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. संजू शर्मा और उनकी टीम ने किया। अंत में डॉ. विनोद कुमार शर्मा ने सभी प्रतिभागियों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

-: आम-सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार यूको बैंक शाखा हबीबगंज भोपाल द्वारा सुमन पाण्डेय पुत्री स्वर्गीय श्री आर.सी पाण्डेय, निवासी मकान नंबर 13, सुखसागर फेस-4, ग्राम रासलाखेड़ी भोपाल म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व, अधिपत्य का एक किता दो मंजिला कार्नर मकान नंबर 13. जो खसरा क्रमांक 2 के अंश भाग पर स्थित सुखसागर फेस-4, ग्राम रासलाखेड़ी जो नगर निगम के वार्ड क्रमांक 76 तहसील हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.) में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 22X45=990 वर्गफिट है। जिसकी चतुर्थ सीमाये निम्नानुसार है। पूर्व में-कॉलोनी रोड, पश्चिम में-मकान नंबर 01, उत्तर में-मकान क्रमांक 12, दक्षिण में-कॉलोनी रोड, उपरोक्त संपत्ति को अनुबंध के द्वारा श्रीमति विनिता दांगी पत्नी श्री जगपाल दांगी, के द्वारा क्रय कियें जानें हेतु यूको बैंक शाखा हबीबगंज द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक कर ऋण प्राप्त किया जा रहा है परन्तु उक्त संपूर्ण संपत्ति की मूल विक्रय पत्र, दिनांक 30/01/2012, पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्रमांक 38358, दस्तावेज क्रमांक-8/7337, पृष्ठ क्रमांक 68 से 79 पर दर्ज है जो कि सुमन पाण्डेय पुत्री स्वर्गीय श्री आर.सी पाण्डेय के नाम पर है उक्त मूल दस्तावेज कहीं गुम हो गया है और मूल विक्रय पत्र सुमन पांडे के पास नहीं है। उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, हाऊसिंग फाईनेंस संस्था, सोसायटी, वित्तीय संस्था, फर्म, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, तहसील या नुजूल विभाग को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति कहीं अनुबंध, विक्रय, दान, बंधक गिरवी, वसीयत, हीबा, हस्तांतरण इत्यादि हो तो यह सूचना प्रकाशन के 15 दिवस की समयावधि में मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में या बैंक में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा मेरे पक्षकार बैंक द्वारा उक्त संपत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान कर दिया जायेगा, इसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

विनोद यादव
नोटरी/अधिवक्ता
यादव लॉ चेम्बर
11/1, बिहाइंड डी-मार्ट, अहीर मोहल्ला बरखेड़ी भोपाल
मो.9826716070, 9424444199

686

-: सार्वजनिक सूचना :-
मूल दस्तावेज गुम हो जाने बाबत्

मेरे पक्षकार श्री संजय सालूंके पुत्र श्री आर. एम. सालूंके निवासी-44, जानकी नगर, नयापुरा, लालघाटी भोपाल के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक किता भूखण्ड क्रं. 165, क्षेत्रफल 72 वर्गमीटर स्थित-"विठ्ठल नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या., ग्राम नयापुरा, भोपाल में स्थित है, उक्त सम्पत्ति की मूल लिंक रजिस्ट्री जिसका इन्द्राज उप पंजीयक कार्यालय भोपाल में पु.क्रं. अ-1 के ग्रंथ क्रं. 2050 के दस्तावेज क्रं. 275(क) दिनांक 07.05.2004 को अंकित एवं दर्ज है, जो कि विठ्ठल नगर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्या. भोपाल द्वारा श्री रमेशचन्द्र आत्मज स्व श्री छोटेलाल जैन को विक्रय की थी। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति की मूल लिंक रजिस्ट्री दिनांक 02.06.2026 को मेरे पक्षकार से गुम हो गयी है जो कि काफी प्रयासों के पश्चात भी नही मिल सकी जिसके संबंध में मेरे पक्षकार ने संबंधित थाना कोहेफिजा भोपाल में सूचना दिनांक 17.06.2026 को दे दी है। अतः उपरोक्त सम्पत्ति के मूल दस्तावेज, यदि किसी सज्जन को प्राप्त होते है/हुए है तो वह मेरे कार्यालय में तुरन्त सम्पर्क करें या फोन द्वारा सूचित करें। इस संबंध में सूचना देने वाले व्यक्ति का जो भी व्यय होगा वह मेरे पक्षकार द्वारा अदा किया जायेगा। चतुर्थसीमाएँ:-पूर्व में-भूखण्ड क्रं. 172, पश्चिम मे-कालोनी का रास्ता, उत्तर में -भूखण्ड क्रं. 166, दक्षिण में-रोड

इन्द्र कुमार दीनानी अधिवक्ता
शिवम् लॉ चेम्बर
39, भवानी चौक, पीरगेट भोपाल
मो. नं. 9755474700

685

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरी पक्षकार संस्था पी.एन.बी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड भोपाल द्वारा श्री रोहित जैन को एक किता प्लाट क्रमांक-118-ए, जिसे वर्तमान में प्लाट नम्बर- ए.एन.- 118, के नाम से जाना जाता है जो खसरा नम्बर 25, 26/1/2, 27, 31, 30६/, 302, 29६/-ए, का अंश भाग है, स्थित ग्राम-हिनोतिया आलम, नयापुरा (राजहर्ष गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित) कोलार रोड, तहसील हुजूर जिला भोपाल जो कोलार नगर पालिका की सीमा के अंदर तथा कोलार मुख्य मार्ग से अंदर की ओर स्थित है, पटवारी हल्का नम्बर- 38, जिसका कुल क्षेत्रफल 30 x 40 = 1200 वर्गफिट अर्थात 111.52 वर्गमीटर है, जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है पूर्व में प्लाट नंबर-143, पश्चिम में- 20 फिट चौड़ा रोड, उत्तर में प्लाट नंबर - 117, दक्षिण में प्लाट नंबर 119, है जिसकी पंजीकृत रजिस्ट्री का पुस्तक क्रमांक अ-1 ग्रंथ क्र. 25455, दस्तावेज क्र. 3075 है उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत किया गया है। जो कि यह संपत्ति विक्रेता श्रीमती किरण गुप्ता पत्नी श्री डी. के. गुप्ता से स्व. जय कुमार जैन जी ने क्रय की थी, जिसके पूर्व रजिस्ट्री दिनांक 20.12.2006 के दस्तावेज घुम हो गये है। उनकी मृत्योपरांत उनकी पत्नी श्रीमती सरला जैन पत्नी स्व. श्री जय कुमार जैन, श्री सिध्दान्त जैन आत्मज स्व. श्री जय कुमार जैन,सुरभि समैया आत्मज स्व. श्री जय कुमार जैन के नाम नामांतरित हुई है। यदि उक्त सम्पत्ति के गुम रजिस्ट्री एवं नामांतरण पर किसी बैंक वित्तीय संस्थान, व्यक्ति संस्था, शासकीय अशासकीय, विभाग नजूल, नगर-निगम, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मण्डल भोपाल, आदि का कोई लेना-देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या अन्य किसी को उत्तराधिकार से संबंधित किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ऊपरवर्णित समयावधि में कोई आपत्ति न आने पर मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भोपाल यह मानते हुए कि उक्त संपत्ति संबंधी किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है, उक्त सम्पत्ति पर श्री रोहित जैन को ऋण प्रदान कर देगी तथा भविष्य में मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड भोपाल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भवदीय
राजेन्द्र सिंह राजपूत अधिवक्ता
308, बी डी ए काम्प्लेक्स शिवाजी नगर, भोपाल मो. 9039246080

684

सार्वजनिक सूचना

संपत्ति विवरण मकान क्रमांक-37, आदित्य एवेन्यू, राजस्व सर्वे क्रमांक 70/1 एवं 177 के भाग में स्थित, ग्राम लाऊखेड़ी, एयरपोर्ट रोड, पी.एच.एन. क्रमांक-23, वार्ड क्रमांक-62, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.)।

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजनी अग्रवाल पत्नी श्री अमित अग्रवाल द्वारा उपरोक्त वर्णित संपत्ति क्रय किए जाने हेतु श्रीमती रानी आसवानी पत्नी श्री मोतीराम आसवानी के साथ विक्रय अनुबंध निष्पादित किया गया है तथा बयाना राशि का भुगतान किया जा चुका है। उक्त संपत्ति श्रीमती रानी आसवानी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से अर्जित की गई थी, जिसका विवरण उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्रमांक 3098, दस्तावेज क्रमांक 1/5537, दिनांक 27.01.2015 को दर्ज है। यह भी सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति से संबंधित पूर्व का मूल पंजीकृत विक्रय पत्र, जिसका विवरण उप-पंजीयक कार्यालय, भोपाल में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्रमांक 26528, दस्तावेज क्रमांक 8/13, दिनांक 07.08.2007 को दर्ज है, विक्रेता से कहीं गुम हो गया था। इस संबंध में विक्रेता द्वारा थाना कोहेफिजा, भोपाल में दिनांक 20.06.2026 को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती रजनी अग्रवाल द्वारा उक्त संपत्ति को सुंदरम होम फाइनेंस लिमिटेड के पक्ष में बंधक रखकर ऋण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक,वित्तीय संस्था अथवा किसी शासकीय/अशासकीय विभाग को उक्त संपत्ति, उसके स्वामित्व, कब्जे, विक्रय, बंधक, ऋण अथवा किसी अन्य अधिकार के संबंध में कोई दावा, आपत्ति, भार (Encumbrance) अथवा हित हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से सात (07) दिवस के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा विभाग को उक्त संपत्ति के संबंध में कोई दावा या आपत्ति नहीं है तथा उक्त संपत्ति पर सुंदरम होम फाइनेंस लिमिटेड का प्रथम प्रभार (First Charge) स्थापित किए जाने में कोई बाधा नहीं है। तत्पश्चात प्राप्त किसी भी दावा अथवा आपत्ति के लिए प्रस्तावित क्रेता, ऋणदाता संस्था अथवा अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे।

वैभव राजन सक्सेना अधिवक्ता
Offce: No. 82, Rachna Nagar, Near Rachna Tower Bhopal Mob. 9424424777

683

कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलर जिला भोपाल

क्रमांक Q/2026 भोपाल, दि. 22/06/2026

सूचना पत्र (वास्ते सीमांकन)

प्रति, 1. देशबन्धु पुत्र गोकलचंद जैन, कांपाकल्प पुत्र जयहिन्द डेरिया कल्पतरू नि भोपाल। 2. आशीष जैन, कु. संकल्पी पुत्री जयहिन्द , श्रीमती संतोष रानी पत्नी जयहिन्द नि. भोपाल। 3. श्रीमती सीमा जैन पत्नी देशबन्धु जैन, विकल्प डेहरिया आ. जयहिन्द डेहरिया नि. भोपाल 4. मेसर्स सहारा इंडिया कामर्शियल कार्पोशन लि. सहारा स्टेट प्रा.लि. नि. भोपाल। 5. सहारा इंडिया इंटरनेशनल कार्पोरेशन लि. वी.पी. तिवारी आ. दीनानाथ तिवारी निवासी-एम.पी.नगर भोपाल हल्का पटवारी दीक्षा शर्मा की ओर सूचनार्थ सर्वसाधारण एवं समस्त हितबद्ध पक्षकारों को सूचनार्थ। **विषय:**- सीमांकन किये जाने बाबत् सूचना पत्र। **संदर्भ:**- न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल के रा.प्र.क्र. 0288/अ-12/2025-26 दिनांक 19/09/25 के संबंध में। उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम छान प.ह.नं. 02 रा.नि.मं. वृत्त 01 तहसील कोलार जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 79/1 रकबा 0.1800 हेक्टेयर कुल रकबा 0.1800 हेक्टर जो कि आवेदक/आवेदिका श्री मोहन सिंह कालरा पिता/पति श्री प्रताप सिंह कालरा निवासी- 07 नीलबड़ कॉलोनी इदगाह हिल्स भोपाल। के नाम से है, का सीमांकन संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल द्वारा दिनांक 27/06/26 को समय 12:00 AM बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस हेतु आप लोग मौके पर सीमांकन के समय उपस्थित रहे। यदि सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो सीमांकन कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में स्थगित नहीं किया जावेगा। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी भूमिस्वामी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
तहसील कोलार जिला भोपाल

682

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संजू लोधा आ. श्री हरी सिंह लोधा आयु वयस्क निवासी ग्राम मोड़की, झागर, गुना (म.प्र.) का निवासी हूँ। मेरी पुत्री पुर्ति लोधा (PURTI LODHA) के आधार कार्ड में उसका नाम रितिका लोधा (RITIKA LODHA) अंकित है जो गलत है एवं मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम पुर्ति लोधा (PURTI LODHA) अंकित है जोकि सत्य व सही है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार दर्ज किया जावे। तत्पश्चात मेरी पुत्री से संबंधित सभी शासकीय/अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम पुर्ति लोधा (PURTI LODHA) के नाम से जाना पहचाना जाये।

680

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चंद्रप्रकाश पटेल आ. श्री प्रतापसिंह पटेल निवासी ग्राम धौखेड़ा, तह. बरेली, जिला-रायसेन म.प्र.मैं ग्राम धौखेड़ा तह. बरेली, जिला-रायसेन म.प्र. का स्थाई निवासी हूँ। यह कि मेरा नाम चंद्रप्रकाश पटैल पिता श्री प्रतापसिंह पटैल अब मुझे चंद्रप्रकाश पिता श्री प्रतापसिंह पटेल के नाम से जाना जाये।

चंद्रप्रकाश

681

सूडोकु नवताल- 7819

★★★✯☆ मध्यम

		8				1	5	
2					1	8		
3			4		6	7		9
5					9			
	9		2	3	4		7	
			1					8
4		7	6		5			1
		6	7					4
	5	3				2		

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7818 का हल

3	9	7	5	2	1	4	8	6
5	4	2	9	6	8	7	1	3
8	6	1	3	7	4	9	5	2
2	8	9	1	5	3	6	4	7
4	7	3	2	8	6	5	9	1
6	1	5	4	9	7	2	3	8
9	3	4	7	1	2	8	6	5
7	5	6	8	3	9	1	2	4
1	2	8	6	4	5	3	7	9

काकुरो पहेली - 7492



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः

11/7 | 1 2 3 5
1, 2, 4

1+2+3+4+5+6= 21
1+2+3+4+5+7= 22
3+5+6+7+8+9= 38
4+5+6+7+8+9= 39

काकुरो - 7491 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8889



बाएँ से दाएँ

1. दर्द से निकली कराह-2
2. ओट,चिलमन-3
4. जरा,थोड़ा-2
6. कपड़े की दीवार-3
7. निर्माण-3
8. झगड़ा,अनबन-3
9. गहन-3
10. लाज,लज्जा-3
11. रनिवास-3
13. 500 कागजों की गड्डी-2
14. विश्राम,राहत-3
15. थोड़ा-2
16. एक कीमती लकड़ी-3
17. कैनाल,उपनदी-3
18. बूंद-3
19. मृत्युंजय-3
20. मेघ,बदरा-3
21. सम्राट,राजा-3
23. संपत्ति-2
24. विष,गरल-3
25. औषधि-2

ऊपर से नीचे

1. अग्नि,अनल-2
2. आश्रय,शरण-2
3. लीन,मगन-2
4. कूड़ा-कर्कट-3
5. इंकार-2
6. लेखनी,पेन-3
7. करुणा,दया-3
8. कर्म,भाग्य-3
9. उष्ण-3
10. भद्र,कुलीन-3
11. अवैध,नाजायज-3
12. युद्ध,रण-3
14. आश्रय-3
15. जलजला-3
16. ठंडा-3
17. नमस्कार,प्रणाम-3
18. कद्र,मान-3
19. जो कभी वृद्ध नो हो-3
20. चील,ईगल-2
21. पथ,मार्ग-2
22. इस पर रोटी सेंकते हैं-2

शब्द पहेली -8888 का हल

र	ब	■	ह	सी	न	■	रा	य
न	हा	ना	■	मा	र	ना	■	म
■	र	च	ना	■	क	पा	स	■
सा	■	ना	का	रा	■	क	र	ना
व	ध	■	म	ह	री	■	ल	य
न	र	म	■	त	स	ला	■	क
■	ती	स	रा	■	ना	य	क	■
रा	■	का	य	र	■	क	हा	नी
ह	त्या	■	ता	म	स	■	र	म

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7331



ऊपर से नीचे:-

१. 'दिल ना दिया' गीत वाली फिल्म-२
२. विनोद खन्ना, बिंदू की फिल्म-३
३. 'दो दिल मिल रहे' गीत वाली फिल्म-४
४. विनोद मेहरा, रीना राय की फिल्म-४
५. 'आप से प्यार हुआ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
८. देव आनंद, आशा पारेख की 'ये दुनिया वाले पूछेंगे' गीत वाली फिल्म-३
१०. 'बड़ी दूर से आये हैं प्यार' गीत वाली अनिल घवन, योगिता की फिल्म-४
११. देव आनंद, मधुबाला की 'उन के खयाल आए तो' गीत वाली फिल्म-२,२
१३. 'जब लिया हाथ में हाथ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, गीताबाली की फिल्म-३
१५. जयराज, निरूपा की 'ना किसी की आँख का नूर हूँ' गीत वाली फिल्म-२,२
१६. फिल्म 'शिवा' में नागार्जुन के साथ नायिका कौन थी-३
१९. 'लेके पहला पहला प्यार गीत वाली फिल्म-१,२,१
२१. मिथुन, आदित्य, डिम्पल, मंदाकिनी की फिल्म-३
२३. अनिल घवन, रश्मि वर्मा, सोनिका गिल की एक सस्पेंस फिल्म-२
२५. 'पियू बोले जिया' गीत वाली फिल्म-४
२६. बिस्वजीत, माला की 'अजी हो ताश के बावन पत्ते' गीत वाली फिल्म-३
२९. 'चालबाज' में श्रीदेवी के एक किरदार का नाम अंजू था दूसरे किरदार का नाम?-२

बायें से दायें:-

१. 'तू मिले दिल खिले और' गीत वाली नागार्जुन, रमैया, मनीषा की फिल्म-४
३. राजकपूर, माला की 'आँसू भरी हैं ये जीवन की राहें' गीत वाली फिल्म-५
६. 'केसरिया बालम' गीत वाली श्रेयस तलपदे, आयशा टाकिया की फिल्म-२
७. शाहरूख, माधुरी की 'अठरा बरस की कँवारी कली थी' गीत वाली फिल्म-३
९. 'वो चाँद जैसी' गीत वाली शाहरूख खान, माधुरी, ऐश्वर्या की फिल्म-४
११. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
१२. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की फिल्म-३
१४. संजय दत्त, फरहा की 'मेरा प्यार तेरे जीवन के संग' गीत वाली फिल्म-३
१५. विनोद मेहरा, बिंदिया की फिल्म-३
१७. हिमालय, भाग्यश्री की 'तेरा ही प्यार मेरे इस दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१८. फिल्म 'कभी कभी' में ऋषि की नायिका कौन थी-३
२०. अनिल, अक्षय खन्ना, ऐश्वर्या की 'इश्क बिना क्या' गीतवाली फिल्म-२
२२. दिलीप कुमार, रेखा, ममता कुलकर्णी की फिल्म-२
२४. अमिताभ, रेखा की 'कोई गाता मैं सो जात' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'बागां मां जब मोर बोले' गीत वाली अक्षयकुमार, करीना की फिल्म-३
२७. विनोद खन्ना, हेमा की अरूणा राजे द्वारा निर्मित एवं निर्देशित फिल्म-३
२८. 'क्यूं मेरा दिल तुझको' गीत वाली करण नाथ, मनीषा की फिल्म-२
२९. नसीर, ओमपुरी, स्मिता की 'शमशीर बजे ना' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'बंधन' में सलमान का नाम?-२
३१. फिल्म 'काफी हाउस' में शम्मी कपूर की नायिका?-२,२

फिल्म वर्ग पहेली- 7330

बा	बु	ल	■	आ	का	श	■	यु	द्ध
रि	■	गा	य	ब	■	र्मी	■	गां	■
श	गु	न	■	रू	दा	ली	■	ध	र्म
■	स	■	फू	■	ग	■	डो	र	■
गु	■	दि	ल	से	■	मि	ली	■	भा
म	शा	ल	■	ह	म	■	■	जं	ग
रा	■	ज	य	रा	ज	■	माँ	■	म
ह	म	ला	■	■	बू	म	■	र	भा
■	ह	■	स	फ	र	■	दे	■	ग
य	ल	गा	र	■	■	बे	व	फा	■

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग-7425

7		5			6	
	35	3	27	1	28	
6		4		2		3
	26		40		34	
1	3		7	5		4
	27		41	4	29	5
4	3			6	1	

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7424 का हल

6	1	4	7	2	5	3
5	35	3	27	1	28	7
7	4	5	2	3	6	1
3	31	2	37	7	34	6
1	3	6	7	5	2	4
2	27	1	41	4	29	5
4	3	7	5	6	1	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8445

प्र	क	प्र	ग	ति	शी	ल	ब	ना	क	ति
ती	क	ती	प्र	ल	क	व	जी	ग	कृ	ह
क्षा	ड़	प्र	प्र	न	ल	प्र	छ	प्र	आ	दि
ख	क	क	का	ज	ज	पु	का	प्र	प	ल
प	प्र	क	शि	दो	ग	ति	अ	प्र	तू	ग
झ	क	का	त	ल	प	ह	झ	पू	ना	ण
घ	को	ती	श	प्र	म	प्र	जा	से	व	क
ला	प्र	क	ता	जा	ई	धा	ब	क	फ	लो
श	जा	प्र	बा	हि	प्र	ई	क	प्र	री	प्र
प	प	द	र	तै	प	क्रि	जी	र्त	ऐ	ता
प	ती	क	क	षी	प्र	है	या	रा	बा	प

शब्द जाल में 'प्र' से शुरु होनेवाले 10 शब्द ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

प्रतीक्षा, प्रकाश, प्रगतिशील, प्रकाशित, प्रकृति, प्रक्रिया, प्रजापति, प्रजासेवक, प्रताप, प्रजाहितैषी.

शब्दजाल - 8444 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore